4 पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाए गए फलदार एवं छायादार पौधे





2011 से संचालित

शंकराचार्य

स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई

B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING

प्रवेश के लिए संपर्क करें

मो.: 83193 47482
81030 45003

Website : ssscn.ac.in




बिलासपुर-जांजगीर मार्ग के कुटीघाट में पुल के ऊपर बह रहा पानी



बहेराडीह सुखरीकला नाला में फंसा ट्रक



सपनई नाला में आवागमन प्रभावित।

## पुल के ऊपर आया लीलागर का पानी, पामगढ़-बिलासपुर मार्ग बंद, कुकदा-कंजीनाला, बहेराडीह-सुखरीकला, भेड़ीकोना-हसौद मार्ग पर आवागमन अवरूद्ध

# दूसरे दिन भी कम नहीं हुआ नदी- नालों का जलस्तर, बंद रहे कई मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

झमाझम बारिश से बढ़े नदी नालों का जल स्तर दूसरे दिन भी उफान पर रहा। बिलासपुर पामगढ़ मुख्य मार्ग पर लीलागर नदी का पानी पुल के ऊपर आ गया। जिससे आवागमन अवरूद्ध हो गया। इसके अलावा कुकदा कंजीनाला, बहेराडीह सुखरीकला, सक्ती जिले में हसौद भेड़ीकोना मार्ग भी नदी नालों का जल स्तर बढ़ने से बंद रहे।

झमाझम बारिश से शहर सहित पूरा अंचल तरबतर हो गया। जांजगीर चांपा और नवगठित जिला सक्ती क्षेत्र के कई नाले उफान पर आ गए। जिसके कारण कुछ मार्गो पर आवागमन दूसरे दिन भी अवरूद्ध रहा। जिले में लगातार बारिश से पूरा अंचल पानी पानी हो गया है। बुधवार की रात से शुरू हुई बारिश रूक रूककर तीसरे दिन भी होती रही। लगातार बारिश से जिले के शहरी इलाकों में अधिकांश जगहों पर जल जमाव हो गया है। शहर की नालियां पाटो पाट बहने लगी और कई गली मोहल्लों में पानी भर गया है। इधर लगातार पानी गिरने से छोटे नाली उफान पर चलने लगे है। कंजीनाला के उफान पर होने से धाराशिव तागा मार्ग दूसरे दिन भी अवरूद्ध रहा। इसी प्रकार बहेराडीह सुखरीकला मार्ग में भी नाला का जल स्तर पुल से 3 फीट ऊपर रहा। जिसके कारण लोगों की आवाजाही बंद रही। इधर शिवरीनारायण कुकदा मार्ग पर कंजीनाला का पानी दूसरे दिन भी पुल के ऊपर रहा और मार्ग अवरूद्ध रहा। इसके अलावा सक्ती जिले में भेड़ीकोना हसौद मार्ग भी अवरूद्ध रहा।

### तेज बहाव में फंसी कार, रेस्क्यू कर युवक की बचाई जान



गुरूवार की रात करीब 11 बजे शिवरीनारायण जाने के रास्ते में रिंगनी पुल के ऊपर पानी का तेज बहाव था। बावजूद इसके एक कार सवार व्यक्ति पुल पार करने की कोशिश कर रहा था। पानी की गहराई और बहाव का अंदाजा नहीं होने के कारण कार बीच कार सहित फंस गई और बहने लगी। किसी तरह कार के दरवाजा खोलकर बाहर निकलकर पेड़ का सहारा लिया और मोबाइल से स्थानीय व्यक्ति पुलिस को सूचना दिया। टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से जोखिम उठाकर रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। सामूहिक प्रयास से व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

### जमडीनाला में बहे युवक का शव 27 घंटे के बाद किया बरामद



**बहेराडीह।** जमडीनाला में बहे युवक का शव 27 घंटे की कडी मशक्कत के बाद बरामद किया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची एवं घटना को लेकर पूछताक्ष भी कर रही है। मामला चाम्पा थाना क्षेत्र के ग्राम सिवनी भद्रा का है। कोरबा जिले के ग्राम सुखरी खुर्द निवासी राजेश मन्नेवार सिवनी भद्रा गांव मे मोटर सायकल गैरेज का संचालन करता है। गुरूवार को हरेली त्यौहार होने के कारण वह अपने साथियो के साथ पिकनीक मनाने के लिए दोपहर 3 बजे के आसपास सिवनी बहेराडीह के बीच में स्थित जमडीनाला पुल को पार कर रहा था। इस दौरान वह पानी के तेज बहाव में आकर बह गया। गुरूवार को युवक का कोई पता नही चल पाया। इसके बाद युवक की खोजबीन को लेकर गोताखोरो की भी मदद ली गई। सोनियापाठ में करीब 27 घंटे की कडी मशक्कत के बाद शुक्रवार 25 जुलाई को शाम 6 बजे के करीब बरामद किया गया।

### मुख्य मार्ग पर पीपल का विशाल पेड़ गिरा, कोई जनहानि नहीं



तुस्मा। कनस्दा के मुख्य केरा रोड पर शुक्रवार 25 जुलाई की सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब तेज बारिश और तेज़ हवाओं के कारण एक विशाल पीपल का पेड़ सुबह करीब 6 बजे सड़क पर गिर गया। गनीमत यह रही कि घटना के समय सड़क पर कोई वाहन या राहगीर मौजूद नहीं था,जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। कनस्दा स्कूल के पास स्थित यह पुराना पीपल का पेड़ अचानक मुख्य मार्ग पर गिर पड़ा। करीब 5 घंटे तक आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा। सुबह 11:00 बजे तक मार्ग को आंशिक रूप से छोटे वाहनों के लिए खोला गया। बहरहाल कुछ घंटे बाद बड़े वाहनों की भी आवाजाही शुरू हुई।

### जनपद आफिस का पानी पंप लगाकर डाल रहे कृषि विभाग में

**बम्हनीडीह।** नगर में लगातार बारिश के चलते जनपद पंचायत कार्यालय परिसर तालाब में तब्दील हो गया है। पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण कार्यालय के अंदर तक पानी भर गया। अधिकारी-कर्मचारी तक अपने चैंबरों में भीगते हुए पहुंचे। जनपद कार्यालय का जमा पानी पंप लगाकर बगल स्थित कृषि विभाग कार्यालय के परिसर में डाल दिया गया, जिससे वहां काम कर रहे कर्मचारी परेशान हो गए। जनपद कार्यालय में जलभराव की खबर हरिभूमि के अंक में आने के बाद जनपद सीईओ हड़बड़ा गईं और जल्दबाजी में पानी की निकासी के लिए कोई ठोस इंतजाम करने के बजाय बगल स्थित कार्यालय में ही पानी ट्रांसफर करवा दिया। कृषि विभाग के कर्मचारी खासे नाराज़ हैं। उनका कहना है कि एक कार्यालय की लापरवाही का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है।



### कलेक्टर ने साराडीह बैराज, कलमा बैराज का किया औचक निरीक्षण

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने तहसील डभरा अंतर्गत साराडीह बैराज, कलमा बैराज और विभिन्न जलभराव क्षेत्रों में जल भराव के वर्तमान स्थिति का औचक निरीक्षण करते हुवे संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने साराडीह बैराज और कलमा बैराज के खोले गए गेटों की संख्या, वाटर लेवल और उक्त बैराज से जल प्राप्त करने वाले उद्योगों की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए अलर्ट होकर कार्य करने तथा बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर बैराज के समस्त गेट खोले जाने के निर्देश दिए। जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता हितेंद्र राठौर, कार्यपालन अभियंता वीरेंद्र कंवर, कार्यपालन अभियंता होमेश नायक सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### प्री इंजीनियरिंग, मेडिकल प्रवेश कोचिंग के लिए आवेदन 11 तक

**जांजगीर-चांपा।** वर्ष 2025-26 में राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यार्थियों से 11 अगस्त समय सायं 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजना से संबंधित आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम तथा शर्तें इत्यादि विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट एवं जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पुराना कलेक्टोरेट परिसर जांजगीर-चांपा से संपर्क किया जा सकता है।

### द्वितीय प्रतीक्षा सूची जारी काउंसिलिंग 28 को

**जांजगीर-चांपा।** प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों का वर्गवार प्रतीक्षा सूची विभाग की वेबसाइट एवं जिलें की वेबसाइट पर जारी की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों की वर्गवार काउंसलिंग की 28 जुलाई को निर्धारित किया गया है। जिसमें अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (पीवीटीजी) बालकों, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (पीवीटीजी) बालिका, अनुसूचित जाति बालक और बालिका, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक और बालिका एवं सामान्य वर्ग बालक और बालिका, अल्पसंख्यक बालक और बालिका के लिए काउंसलिंग 28 जुलाई को प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे प्रवास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी जिला रायपुर में किया जाएगा।

### कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** संचालनालय कृषि रायपुर द्वारा वर्ष 2025 के लिए डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार के लिए कृषकों से 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। उप संचालक कृषि ने बताया कि आवेदन पत्र उप संचालक कृषि व वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र को उप संचालक कृषि व वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते है।

### 15 अगस्त तक मछली मारने पर लगेगा जुर्माना

**जांजगीर-चांपा।** मछली पालन विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जिले में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्य उद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 उपधारा -2 (दो) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस संबंध में मछली पालन विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि इस आदेश का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के नियम-3(5) के अंतर्गत अपराध माना जाएगा, जिसमें एक वर्ष तक का कारावास या दस हजार तक का जुर्माना अथवा दोनों दंड एक साथ दिए जाने का प्रावधान है। जिले में 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु घोषित किया गया है।

## रात्रि में मोबाइल दुकान का ताला तोड़कर चोरी, 3 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



रात्रि में मोबाईल दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले 3 आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उनके कब्जे से 26 हजार रुपए कीमती मोबाइल जब्त किया गया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम कटघरी का है।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कटघरी निवासी लक्ष्मी प्रसाद मार्बल ने बताया कि वह कटघरी में मोबाइल व इलेक्ट्रानिक दुकान का संचालन करता है। इसी दौरान बुधवार 23 जुलाई की रात्रि में दुकान का शटर का ताला तोड़कर टेबलेट, लैपटॉप रिपेयरिंग के लिए रखे 2 नग मोबाइल, हेडफोन कुल जुमला कीमती 26 हजार सौ रूपए को अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ले गया है। सूचना रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 337/25 धारा 331(4),305(ए) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया है। मामले को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में एवं अतरिक्त पुलिस अधीक्षक जांजगीर उमेश कश्यप व एसडीओपी प्रदीप सोरी के मार्गदर्शन में प्रकरण के आरोपी एवं माल मशरूका की पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई। विवेचना दौरान पता चला कि आरोपी जयशंकर ओग्रे, आदित्य यादव उर्फ लालू यादव एंव अमित यादव निवासी कटघरी थाना अकलतरा को घटना दिनांक को रात्रि में दुकान के आस पास देखा गया था। तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर रात्रि में दुकान के शटर का ताला चोरी करना जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई अकलतरा पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

### केसला-कनस्दा कांजी नाला उफान पर, आवागमन बाधित

**तुस्मा।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केशला स्थित कंजी नाला भारी बारिश के चलते उफान पर है। नाले में जलस्तर इतना अधिक हो गया है कि वह पुल से लगभग चार फीट ऊपर पानी बह रहा है। इस कारण ग्राम केसला से होकर गुजरने वाले मुख्य मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है। ग्राम सरपंच अंबिका यादव ने कोटवार के माध्यम से मुनादी करवा कर लोगों को सतर्क किया है और लोगो को नदी-नालों के समीप ना जाने की सख्त अपील की है। विगत दो दिनों से क्षेत्र में लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है,जिसके कारण गांव के नजदीकी सभी जलस्त्रोतों का जलस्तर बढ़ गया है। कांजी नाला,जो सामान्य दिनों में एक छोटा जलधारा रहता है। कोटवार के माध्यम से गांव में मुनादी कराई गई है जिसमें विशेष रूप से बच्चों,वृद्धों और मवेशियों को नदी-नालों के पास नहीं ले जाने की अपील की।

## अवैध राखड़ डंपिंग में लगे तीन ट्रेलर जब्त, जमीन मालिकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह



जब्त वाहन।

बिर्रा-चांपा मुख्य मार्ग में सोनाईडीह और चारपारा क्षेत्र में अवैध राखड़ डंपिंग के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। एसडीएम सुमित बघेल और नवपदस्थ तहसीलदार अविनाश चौहान ने संयुक्त दबिश देकर तीन ट्रेलर को मौके पर जब्त किया है। वहीं, कोटवारी भूमि में राखड़ डंप करवाने वालों पर भी शिकंजा कस दिया गया है।

गौरतलब है कि सोनाईडीह और आसपास के क्षेत्रों में बीते कुछ समय से लगातार राखड़ डंपिंग की शिकायतें मिल रही थीं। इससे न केवल पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा था, बल्कि खेतों की उपजाऊ मिट्टी भी प्रभावित हो रही थी। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से अवैध राखड़ कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने इस कदम का स्वागत करते हुए प्रशासन से मांग की है कि स्थायी निगरानी रखी जाए ताकि भविष्य में फिर से अवैध डंपिंग न हो। मेन रोड के किनारे राखड़ पाटते ट्रेलर को रुकवाकर मौके पर उनसे वैध दस्तावेज मांगा गया उनके द्वारा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर 3 ट्रेलर जिसमें राखड़ लोड था, उसे तहसील परिसर में ले जाकर खड़ा किया गया है। इस संबंध में एसडीएम सुमित बघेल का कहना है कि राखड़ डंप करते ट्रेलर को एसडीएम के साथ जा कर मौके पर जप्त कर तहसील लाया गया है। कोटवारी भूमि में राखड़ डंप हो रहा था। कोटवार को नोटिस जारी हुई है। पटवारी को जमीन को नाप कर प्रतिवेदन तैयार करने बोला गया है। वहीं इस संबंध में नवपदस्थ तहसीलदार अविनाश चौहान का कहना है कि प्रतिवेदन तैयार होने के बाद उच्च अधिकारी को प्रेषित कराया जाएगा। तहसील क्षेत्र में अवैध कार्य करने वाले को बक्शा नहीं जाएगा।

### सेना के जवानों के साहस और जज्बे का प्रतिक है कारगिल विजय दिवस

# देश की अस्मिता की रक्षा के लिए 25 साल पहले 60 दिन तक चला था युद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




भारतीय सेना ने 26 जुलाई 1999 को वो पराक्रम दिखाया था जिसका इतिहास में कोई मुकाबला नहीं है। इस युद्ध में देश के 500 से अधिक जवान शहीद हुए थे। वहीं करीब 14 सौ जवान घायल हुए थे। युद्ध में सेना के जवानों ने अदम्य साहस का परिचय दिया।

जांजगीर चाम्पा जिले के प्रेम सोनी भी इन जवानों में शामिल हैं। भारतीय सेना में नायक के पद पर रहे प्रेम सोनी ने पुरे 60 दिन युद्ध कर पाकिस्तानी सेना से लोहा लिया। जिले के छोटे से गांव धरदेई में पैदा हुए प्रेम सोनी ने देशभक्ति के जज्बे के साथ 28 अप्रैल 1992 में आर्मी ज्वाइन किया और 1 अप्रैल 2008 को सेवानिवृत हुए। अपने 16 साल की सेवा अवधि में उन्होंने ऑपरेशन विजय समेत कई छोटे ऑपरेशन में भाग लिया। कारगिल में भी 2 साल तैनाती रही, लेकिन 1999 में हुए कारगिल युद्ध को याद कर 25 साल बाद आज भी उनका मन भारी हो जाता है। पुरे 60 दिन युद्ध के बाद 26 जुलाई 1999 को यह ऑपरेशन समाप्त हुआ। इस दौरान 500 से अधिक जवान शहीद भी हुए। इस युद्ध में शामिल रहे भारतीय सेना के नायक प्रेम सोनी का कहना है कि आज भी उस समय को याद करते हुए मन भारी हो जाता है और आंख से आंसू बहने लगते हैं। युद्ध की आँखोंदेखी सुनाते हुए उन्होंने बताया कि बॉर्डर पर दोनों ओर से लगातार गोलिबारी होती थी। आँखों के सामने जवान शहीद और घायल हो रहे थे। अपने साथियों का लहू देखकर मन में डर भी आता था, लेकिन मातृभूमि की रक्षा के लिए फिर आगे बढ़ते थे। युद्ध में विजय प्राप्त करेंगे या तिरंगे में लिपट कर घर जाएंगे, इसी जज्बे के साथ सभी जवान मोर्चे पर डटे रहे। पैदल सेना आगे बढ़ती थी और तोप से गोले दाग कर हमारी टीम उनको स्पोर्ट देती थी। आख़रिकार पुरे 60 दिन चले युद्ध के बाद भारतीय सेना को जीत मिली। कारगिल में जीत भारतीय सेना के जवानों के साहस और जज्बे का प्रतिक है। पाकिस्तान के ऊपर जीत की याद में भारत में हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। विजय दिवस सेना के शहीद जवानों के शहादत को नमन करने का दिवस है। सेना से रिटायर होने के बाद वे कोरबा जिले के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रंगोले में बतौर शिक्षक अपनी सेवा दे रहे हैं। प्रेम सोनी का कहना है कि भले ही उन्होंने अब कलम थाम लिया है, लेकिन देश को जब भी जरूरत पड़ेगी तब वे बंदूक उठा लेंगे। ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि जिसने हमारी मां - बहनों का सिंदूर उजाड़ा उनको मिटाना जरूरी है। प्रेम सोनी का कहना है कि भले ही वे सेना से रिटायर हो गए हैं, लेकिन मातृभूमि का कर्ज अभी बाकी है। जब कभी भी देश को जरूरत पड़ेगी तब वे फिर से सेना की वर्दी पहन कर दुश्मन से लोहा लेने तैयार हैं।

## पूर्व सरपंच के बेटे की मिली लाश, हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



खेत में पड़ा युवक का शव।

नैला उपथाना क्षेत्र के ग्राम सिवनी के पूर्व सरपंच के बेटे की लाश संदिग्ध हालत में सड़क किनारे मिली है। जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव देखकर हत्या की आशंका जताई जा रही थी। इस मामले में हत्या का अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस मौके पर पहुंची है और एफएसएल की टीम को सूचना दी गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, युवक गुरूवार को घर से निकला था और आज उसकी लाश मिली है। पीएम रिपोर्ट से मौत के कारण का खुलासा हो सकेगा। आज लोगों ने सड़क किनारे लाश देखी। इसके नैला उपथाना को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि युवक के सिर पर चोट के निशान हैं, जिसे देखकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। बताया गया कि, युवक कल हरेली त्योहार के दिन घर से निकला था और शुक्रवार 25 जुलाई को उसकी लाश मिली है। फिलहाल, मामले में पुलिस जांच कर रही है। हालांकि पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## खबर संक्षेप



### करतला से 33 यात्रियों का जत्था अयोध्या के लिए रवाना

**मड़वारानी।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के तहत तीर्थ यात्रियों को अयोध्या स्थित के रामलला के दर्शन कराए जा रहे हैं। इस तीर्थ यात्रा का लाभ लेने के लिए जनपद पंचायत करतला के 33 तीर्थ यात्री बुधवार सुबह रवाना हुआ। जनपद उपाध्यक्ष मनोज झा द्वारा तीर्थ यात्रियों को फल देकर यात्रियों का जत्था रवाना किया। अयोध्या जा रहे तीर्थयात्री ने कहा, हमने सपने में भी नहीं सोचा था कि अयोध्याधाम में भगवान राम के दर्शन करने का मौका मिलेगा। प्रदेश सरकार की इस योजना के लिए सरकार को धन्यवाद देते है तथा तीर्थ यात्रियों की गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### शासकीय प्राथमिक शाला झाबर में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**गेवरा दीपका।** ग्राम पंचायत झाबर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में मंगलवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीपका मंडल के उपाध्यक्ष मुकेश जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता काजल सारथी एवं वहीं विशिष्ट अतिथि जन्मेजय कंवर मंचस्थ थे। मुख्य अतिथि मुकेश जायसवाल ने विद्यार्थियों को गणवेश वितरण करते हुए कहा कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं, और शिक्षा उनके जीवन की दिशा निर्धारित करती है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर गणवेश प्राप्त कर खुशी साफ झलक रही थी। शाला प्रवेश उत्सव को सफल बनाने में प्रधान पाठक श्रीमती जानकी साहू, सहायक शिक्षक ऋषि राजवाड़े का योगदान रहा।

### डीएमएफ से मिले कार्यों का टेंडर समय पर करें पूरा : कलेक्टर

**कोरबा।** कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने टीएल के विभागवार लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि डीएमएफ अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों का टेण्डर निर्माण एजेंसी समय सीमा के भीतर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सितंबर माह से प्रस्तावित कार्यों को प्रारंभ करने के दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पुराने छात्रावासों में जहाँ अधीक्षक आवास नहीं बने हैं, उन छात्रावासों की सूची उपलब्ध कराने के साथ ही आवास हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री वसंत ने आयुष्मान और व्यवन्दन कार्ड के संबंध में समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जो हितग्राही आयुष्मान और व्यवन्दन कार्ड से वंचित है उन्हें लाभान्वित करने के लिए जनपद सीईओ के सहयोग से संबंधित क्षेत्र में शिविर लगाकर उनका कार्ड बनाया जाए। कलेक्टर ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में वंचित हितग्राहियों का अनिवार्य रूप से आयुष्मान और व्यवन्दन कार्ड बनाने के निर्देश नगर निगम, एसडीएम, जनपद को दिए। कलेक्टर ने योजना बनाकर शिविर लगाने और वंचित होने पर संबंधित के विषय में पर्याप्त कारण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने आधार अपडेशन में सहयोग नहीं करने वाले ऑपरेटरों की आइडी ब्लॉक करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने स्कूल एवं आंगनबाड़ी में संचालित रसोई में गैस का उपयोग करने और समय पर रिफलिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने स्तर पर संबंधित क्षेत्र में निरीक्षण करें और आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## दूसरे ट्रांसफार्मर के माध्यम से अल्टरनेट की जा रही है विद्युत आपूर्ति

# पावर ट्रांसफार्मर पर गिरी आकाशीय बिजली, बांकीमोगरा क्षेत्र हुआ ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा स्थित सब स्टेशन में आकाशीय बिजली सीधे पावर ट्रांसफार्मर पर आ गिरी। जिसकी वजह से बांकीमोंगरा क्षेत्र में ब्लेकआउट हो गया। दूसरे ट्रांसफार्मर से क्षेत्र को अल्टरनेट विद्युत आपूर्ति हो सके इसके लिए एक ही ट्रांसफार्मर से दो-दो घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। हालांकि पावर ट्रांसफार्मर को बदलने की कवायद शुरू कर दी गई है। संभावना जताई जा रही है कि देर रात तक पावर ट्रांसफार्मर को बदलकर विद्युत आपूर्ति को पुनः बहाल कर दिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले बांकीमोंगरा स्थित सब स्टेशन में बुधवार की देर शाम तेज आंधी बारिश शुरू हुई और आकाशीय बिजली से सब स्टेशन में लगे पावर ट्रांसफार्मर पर आ गिरी। पावर ट्रांसफार्मर पर आकाशीय बिजली गिरते ही क्षेत्र में ब्लैकआउट की स्थिति निर्मित हो गई। गुरुवार को विद्युत वितरण विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम पहुंची। जहां एमवीए के पावर ट्रांसफार्मर को टेस्टिंग की गई इस दौरान पाया गया कि पावर ट्रांसफर फेल हो गया है जिसके बाद सब स्टेशन में लगे दूसरे 3.5 एमवीए के पावर ट्रांसफॉमर से क्षेत्र में लोगों को हर-दो घंटे में पावर कट कर एक-एक क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति की जा रही है। बताया जाता है कि 5 एमवीए के पावर ट्रांसफार्मर को बदलने की कवायद शुरू कर दी गई है। विद्युत वितरण विभाग के डीई रोशन लाल वर्मा ने बताया कि मौसम ने यदि साथ दिया तो निश्चित तौर पर गुरुवार की देर रात तक पावर ट्रांसफार्मर को बदलने की कवायद पूरी कर ली जाएगी और विद्युत व्यवस्था को बहाल कर दिया जाएगा। हालांकि अभी दूसरे ट्रांसफार्मर 3.5 एमवीए के ट्रांसफार्मर से अल्टरनेट बिजली आपूर्ति की जा रही है।



पॉवर ट्रांसफार्मर को क्रेन के माध्यम से निकालते विद्युत कर्मी।

**शहर में भी लगातार बिजली की आंखमिचौली**

बारिश व लगातार बारिश की वजह से शहर के पाड़ीमार व तुलसी नगर जोन में भी पिछले दो-तीन दिन से बिजली की आंखमिचोली बदस्तूर जारी है। गुरुवार को भी शहर के अलग-अलग क्षेत्र में बिजली बार-बार आती रही। बिजली की आंख मिचोली से लोग हलाकान है। हालांकि लगातार मौसम की वजह से विद्युत वितरण विभाग को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर आकाशीय बिजली सबसे ज्यादा विभाग को परेशान कर रही है। जगह-जगह इंसुलेटर पंचर हो रहे हैं तो तार भी टूट रहे हैं। जिसकी वजह से ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है।

## ब्लॉस्टिंग से क्षतिग्रस्त मकान व बोर की क्षतिपूर्ति नहीं मिली तो खदान बंद



प्रभावित ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

भूविस्थापित ग्राम विकास समिति हरदी बाजार ने चेतावनी दी है कि हैवी ब्लास्टिंग से हुए बोर, मकान की क्षतिपूर्ति राशि नहीं दिया तो खदान बंद आंदोलन किया जाएगा। ग्राम हरदीबाजार के प्रभावित परिवार जो वर्ष 2023 से जुलाई तक एसईसीएल दीपका क्षेत्र के द्वारा हैवी ब्लास्टिंग से हुए नुकसान बोर, मकान क्षतिग्रस्त हुआ है, उसका आवेदन एसईसीएल दीपका कार्यालय में दिया गया हैं। जिस पर एसईसीएल प्रबंधन के द्वारा जांच कमेटी बनाकर जांच की सभी प्रक्रिया पूर्ण कर ली गईं थीं। वो भी दो से तीन बार फिर भी जो क्षति एसईसीएल के ब्लास्टिंग से हुई हैं। उसका भुगतान अब तक नहीं दिया गया है। इस संबंध में एसईसीएल प्रबंधन से सम्पर्क करने पर गोलमोल जवाब के अलावा कुछ नहीं दिया जा रहा हैं। ग्राम विकास समिति के सुरेन्द्र राठौर, प्रमोद जयसवाल, अरुण राठौर, तुलेश्वर राठौर, तेजप्रकाश ने एसईसीएल दीपका प्रबंधन को तीन दिन का समय दिया है। साथ ही खदान बंदी आंदोलन को लेकर एसईसीएल प्रबंधन तहसील कार्यालय व थाने में सूचना दी गई है।

**खास बात**

- एसईसीएल दीपका खदान से प्रभावित ग्राम हरदीबाजार का मामला

# चार ट्रेलर वाहन में क्षमता से अधिक किया जा रहा था कोयले का परिवहन, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की कुसमुंडा खदान से क्षमता से अधिक कोयला परिवहन किया जा रहा था। जब एसईसीएल रोड सेल के अफसरों ने वाहनों की जांच की तो क्षमता से लगभग 84 टन अधिक कोयला पाया गया, जिस पर एसईसीएल के सुरक्षा अधिकारी ने इस मामले के लिखित शिकायत कुसमुंडा पुलिस से की है। जिस पर पुलिस ने ट्रेलर चालकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीकृत कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। कुसमुंडा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कुसमुंडा खदान से कोयला परिवहन का काम श्री खाटू श्याम नमक फॉर्म द्वारा की जाती है, जिसका संचालन सप्तम उर्फ गुड्डास गोयल द्वारा किया जाता है। बताया जाता है कि उक्त फॉर्म की ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीटी 3453, सीजी 10 3353, सीजी 10 2553, सीजी 10 2153 की चार वाहन कुसमुंडा खदान से कोयला लोड कर बाहर निकल रही थी। इसी बीच एसईसीएल के रोड सेल के अफसर ने उक्त चारों ट्रेलर वाहनों की औचक निरीक्षण किया और जांच पड़ताल की, तो पाया कि चारों ट्रेलर वाहन में क्षमता से लगभग 84.67 टन कोयला अधिक पाया गया। इस मामले की लिखित शिकायत एसईसीएल के सुरक्षा प्रभारी संतोष कुमार दुबे ने कुसमुंडा पुलिस से की है, जिस पर कुसमुंडा पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ धारा 303 (2), (3), (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बातें**

- एसईसीएल के रोड सेल के अफसरों ने किया था औचक जांच, 84 टन अधिक पाया गया था कोयला
- श्री खाटू श्याम नामक फर्म की चारों ट्रेलर में था क्षमता से अधिक कोयला



पुलिस द्वारा जप्त की गई ट्रेलर वाहन।

# निगम आयुक्त अधिकारियों की टीम के साथ उतरे सड़क पर, कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने घंटाघर चौक से होते हुए महाराणा प्रताप चौक, टीपी नगर चौक, नया बस स्टैण्ड, लालूराम कालोनी, सुनालिया चौक, डीडी एम रोड के पास लायंस गार्डन तक के मुख्य मार्ग का भ्रमण कर अव्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा साफ-सफाई कार्य, अवैध अस्थाई दखल, सी एण्ड डी वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री डम्पिंग, अतिक्रमण व गदंगी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही, चेतावनी एवं अर्थदण्ड किये जाने आदि के निर्देश अधिकारियों को देते हुये व्यवस्थाओं में सुधार करने का अल्टीमेटम दिया। निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों, स्वच्छता कार्य एजेंसियों व अव्यवस्था फैलाने वालों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि प्रतिदिन अधिकारी कर्मचारी सुबह-सुबह शहर का भ्रमण करें।



# कांग्रेस ब्लॉक प्रभारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस के जिला प्रभारी डॉ.प्रेमसाय टेकाम ने शहर एवं ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण एवं ब्लॉक प्रभारियों सहित जिला कांग्रेसजनों की बैठक लेकर ब्लॉक प्रभारियों को मार्गदर्शन दिया। डॉ.प्रेमसाय टेकाम ने जिले के सभी 15 ब्लॉक प्रभारियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा है कि यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसे आपको अपने प्रभार ब्लॉक क्षेत्र में पूरा करना है। आवश्यकतानुसार मंडल कमेटी, सेक्टर कमेटी अथवा जोन कमेटी का गठन कर जिला कांग्रेस कमेटी को अनुमोदन के लिए प्रेषित करें तत्पश्चात बूथ कमेटी का गठन करें, जिसमें उसी बूथ के कांग्रेसजनों को जिम्मेदारी दें।

बैठक को सर्वप्रथम नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने की योजना पर हम सबको कार्य करना होगा, जो कांग्रेस के भविष्य की बुनियाद को दर्शाएगा। इससे पार्टी में नई ऊर्जा व जोशीला नेतृत्व सामने आएगा। सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कमेटियों के पुर्नगठन और नवीन नियुक्तियों में लंबे समय से तथा बेहतर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को बेहतर पद के साथ जिम्मेदारी दें, उन्होनें ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने यह निर्णय लिया है कि पूरे प्रदेश में ब्लॉक, मंडल, जोन व बूथ कमेटी एक ही फार्मूले के तहत गठन किया जावेगा। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि संगठन में कार्यकर्ता रीढ़ की हड्डी तरह होते हैं। किसी भी चुनाव में ऐसे कार्यकर्ताओं के कारण हमें जीत हासिल होती है। जिले में कांग्रेस संगठन ने 15 ब्लॉक बनाए हैं। जिसमें शहर में 5 और ग्रामीण क्षेत्र के तीनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 10 ब्लॉक का गठन किया है। इन सभी ब्लॉक में आवश्यकता अनुसार मंडल, सेक्टर अथवा जोन कमेटी का गठन करने के लिए इन सभी ब्लॉकों में ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किये गये हैं। जो ब्लॉक अध्यक्षों से संपर्क कर आवश्यकतानुसार मंडल, सेक्टर अथवा जोन कांग्रेस कमेटी के गठन के लिए जिला कांग्रेस कमेटी को अनुमोदन के लिए भेजेगें। जिले के चारों विधानसभा के लगभग 11 सौ बूथों में बूथ कमेटी का गठन किया जाना है। इन कमेटियों में एक अध्यक्ष, तीन उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष, तीन सचिव, तीन सहसचिव, एक मीडिया समन्वयक तथा 9 कार्यकारिणी सदस्य न्युक्ति किये जाएंगे। श्री अग्रवाल ने कहा कि वे स्वयं जिले के प्रभारी डॉ.प्रेमसाय टेकाम के साथ मंडल, जोन, वार्ड व बूथ कमेटियों के गठन की प्रक्रिया और नियुक्तियों की मानिटरिंग करेंगे। बैठक को विधायक फूलसिंह राठिया, पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, मोहित केरकेट्टा, श्यामलाल कंवर, पूर्व महापौर राजकिशार प्रसाद, जिला अध्यक्ष मनोज चौहान, नत्थुलाल यादव, पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र जायसवाल, सपना चौहान, हरीश परसाई, ने भी संबोधित किया।



बैठक लेते जिला प्रभारी।

## नमामि हसदेव सेवा समिति की प्रेसवार्ता

# हसदेव दर्री बराज से कुदुरमाल तक रिवर फ्रंट बनवाने होगा प्रयास : श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी की सहायक नदियों और अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों के प्रदूषण को कम करने, संरक्षण करने तथा तट के सौन्दर्यीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। उक्त उद्देश्य की पूर्ति के लिये नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा प्रत्येक मास की पूर्णिमा को सायं 5 बजे माँ सर्वमंगला घाट कोरबा पर हसदेव आरती की जाती है।

नमामि हसदेव सेवा समिति के अध्यक्ष चंद्रकिशोर श्रीवास्तव, कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर पाण्डेय ने तिलक भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी के प्रदूषण को कम करने, संरक्षण करने और तट के सौंदर्यीकरण के लिये दर्री बांध से कुदुरमाल पुल तक हसदेव नदी के दोनों किनारों पर रिवर फ्रंट का निर्माण करना आज समय की सबसे आवश्यक मांग है। हसदेव नदी का यह क्षेत्र आध्यात्मिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, पर्यटन और सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, परंतु वर्तमान में यह क्षेत्र असुरक्षित, अव्यवस्थित, और प्रदूषणग्रस्त हो गया है। शासन-प्रशासन की सक्रिय भागीदारी से इसे विश्वस्तरीय रिवर फ्रंट में बदला जा सकता है। हसदेव नदी का यह रिवर फ्रंट, न केवल कोरबा की भौगोलिक और धार्मिक गरिमा को बढ़ाएगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक धरोहर भी स्थापित करेगा।




मीडिया से मुखातिब होते नमामि हसदेव सेवा समिति के सदस्य।

**विभिन्न चरणों में चलेगा अभियान**

नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा हस्ताक्षर अभियान के तहत प्रथम चरण 9 अगस्त से 7 अक्टूबर तक हस्ताक्षर अभियान में जनप्रतिनिधियों एवं आध्यात्मिक संगठनों, धार्मिक संगठनों, सामाजिक संगठनों, व्यावसायी संगठनो, कर्मचारी संगठनों आदि के प्रमुख कार्यकर्ताओं तथा अन्य गणमान्य नागरिकों से पवित्र कार्य के समर्थन में हस्ताक्षर कराया जाएगा। इसी तरह 7 अक्टूबर को हसदेव नदी की सहायक नदियों और अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों के प्रदूषण को कम करने, संरक्षण करने तथा तट के सौन्दर्यीकरण करने एवं हसदेव नदी के दोनों किनारों पर दर्री बांध से कुदुरमाल पुल तक रिवर फ्रंट निर्माण करवाने हेतु तन, मन और धन से सहभागी होने का संकल्प लेंगे तथा हस्ताक्षर अभियान द्वितीय चरण 5 नवम्बर से 4 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉंटिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की ऊँगलियों की सर्जरी
- सरल विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी., ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थॅमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# वॉर 2 के ट्रेलर रिलीज से पहले दीवाने हुए एनटीआर के फैंस

**मुंबई।** मेकर्स 25 जुलाई को वॉर 2 का ट्रेलर रिलीज करने जा रहे हैं। ऐसे में ट्रेलर को लेकर लोगों में जबरदस्त क्रेज बना हुआ है। फिल्म के ट्रेलर से पहले अब जूनियर एनटीआर के फैंस काफी एक्साइटेड हैं और उन्होंने एनटीआर के बॉलीवुड में डेब्यू को लेकर सेलिब्रेशन भी शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो और तस्वीर काफी वायरल हो रही है। जिसे एनटीआर के फैंस काफी शेयर कर रहे हैं। इसमें जूनियर एनटीआर का नाम आसमान में लिखा हुआ है। एक वीडियो सामने आया है जिसमें देखा जा सकता है आसमान में 'एनटीआर वॉर 2' लिखा हुआ है।

## लाइफ Style

# रश्मिका

## रणबीर के साथ सेल्फी के पीछे की बताई कहानी

रश्मिका मंदाना ने 2022 में बॉलीवुड में फिल्म गुडबाय से डेब्यू किया। 2023 में रश्मिका निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल में रणबीर कपूर और तृप्ति डिमरी के साथ नजर आईं। इस फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिली, लेकिन रश्मिका और रणबीर की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका ने बताया कि फिल्म एनिमल' के आखिरी दिन उन्होंने रणबीर कपूर से कहा, हमें एक तस्वीर लेनी चाहिए, क्योंकि वह आमतौर पर सेट पर फोटो नहीं खींचतीं। उन्होंने आगे कहा, रणबीर बहुत दयालु और सहयोगी हैं। वह मेरे लिए एक अच्छे दोस्त हैं। उस सेल्फी में रश्मिका ने नीला कुर्ता पहना था, जबकि रणबीर लंबे बाल और दाढ़ी वाले लुक में थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रश्मिका मंदाना और रणबीर कपूर जल्द ही फिल्म एनिमल के दूसरे भाग एनिमल पार्क में साथ नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग 2026 में शुरू होगी। यह फिल्म पहले भाग से कहीं और ज्यादा दमदार होगी। बहरहाल, फिल्म को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रश्मिका मंदाना फिल्म द गर्लफ्रेंड में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म के अलावा रश्मिका फिल्म थामा में नजर आएंगी। इस फिल्म में रश्मिका के साथ आयुष्मान खुराना नजर आएंगे। वहीं, रणबीर कपूर निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणबीर के साथ आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिका में होंगे। इस फिल्म के अलावा रणबीर फिल्म रामायण में नजर आएंगे।



## हॉलीवुड मसाला



# गानों में हैं उतार-चढ़ाव का दर्द

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर जेनिफर लोपेज चर्चा में हैं। उन्होंने इटली में 'लुक्का समर फेस्टिवल' में शिरकत की। इस दौरान ना सिर्फ अपने गाने से दर्शकों का ध्यान खींचा, बल्कि हजारों फैंस के भीड़ के सामने खुलकर अपने 'बेडरूम सीक्रेट्स' शेयर किए। उनकी बातें सुनकर किसी ने तालियां बजाई तो कोई हैरान रह गया। कुछ लोग इसे उनके एक्स हसबैंड बेन एफ्लेक से भी जोड़कर देख रहे हैं। एक सूत्र ने बताया कि जेनिफर ने एक नए एल्बम के लिए कई गाने हैं। इनमें से ज्यादातर गाने बेन एफ्लेक के साथ उनके उतार-चढ़ाव भरे रिश्ते से लिए गए हैं।



# अफेयर कांड को भुला नहीं पाए हैं क्रिस मार्टिन

**लॉस एंजिल्स।** कोल्डप्ले कॉन्सर्ट में जो 'अफेयर कांड' हुआ, उसे क्रिस मार्टिन भी भुला नहीं पाए हैं। उन्होंने हाल ही में अमेरिका में हुए कॉन्सर्ट में इसको लेकर चुटकी ली। अपनी ऑडियंस को चेतावनी भी दी कि अब 'किस कैम' किसी को बड़ी स्क्रीन पर लाने वाला है, इसलिए तैयार हो जाएं। कोल्डप्ले के बोस्टन कॉन्सर्ट के दौरान कुछ ऐसा हुआ, जो इस समय चारों तरफ वायरल है। हम बात कर रहे हैं एस्ट्रोनॉमर के सीईओ एंडी बायरन और कंपनी की एचआर प्रमुख क्रिस्टिन कैबोट की। जो एक-दूसरे की बांहों में खोए हुए थे और कॉन्सर्ट के दौरान अचानक कैमरे ने उनपर फोकस कर दिया और सिंगर क्रिस मार्टिन ने 'गलती' से उन्हें एक्सपोज कर दिया। अब क्रिस को अमेरिका के मैडिसन में कॉन्सर्ट में दर्शकों को कुख्यात 'किस कैम' के बारे में आगाह करते हुए देखा गया, वो भी मजेदार तरीके से।



# टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित होगी बयान

**मुंबई।** हुमा कुरैशी की फिल्म बयान अपनी रिलीज से पहले ही सुर्खियों में छा गई है। अब हुमा की फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होगा। बयान को डिस्कवरी सेक्शन में चुना गया है। इस कैटेगरी में चुनी गई हुमा की बयान इकलौती भारतीय फिल्म है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बयान का वर्ल्ड प्रीमियर सितंबर के महीने में होगा। हुमा कुरैशी स्टारर बयान एक पुलिस थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन विकास रंजन मिश्रा ने किया है, जो इससे पहले चौरंगा लिए जाने जाते हैं। हुमा इस फिल्म में एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के रूप में भी जुड़ी हुई हैं। हुमा के अलावा फिल्म में चंद्रचूड़ सिंह, सचिन खेडेकर, परितोष, अविजीत दत्त, विभोर मयंक, संपा मंडल, स्वाति दास, अदिति कंचन सिंह और पेरी छाबड़ा भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# रामायण में असमिया अभिनेत्री की एंट्री

**मुंबई।** नितेश तिवारी निर्देशित और रणबीर कपूर स्टारर फिल्म रामायण अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। यह फिल्म दो भागों में बन रही है। इस फिल्म का बजट 4000 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। इस फिल्म में एक असमिया एक्ट्रेस भी अहम किरदार निभा रही हैं। हाल ही में फिल्म रामायण का फर्स्ट लुक जारी किया गया। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में नजर आए और साउथ एक्टर यश रावण के किरदार में दिखे। फिल्म में सीता माता की भूमिका में साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी है। असमिया एक्ट्रेस सुरभि दास फिल्म रामायण में उर्मिला की भूमिका में दिखेंगी। उर्मिला माता सीता की बहन हैं। उर्मिला, प्रभु राम के भाई लक्ष्मण की पत्नी भी हैं। फिल्म में उर्मिला का त्याग भी दिखाया जाएगा। लक्ष्मण का रोल फिल्म रामायण में टीवी एक्टर रवि दुबे कर रहे हैं।

## टीवी मसाला



# नए सीजन में नजर नहीं आएंगे 'क्योंकि सास भी ' के ये

**नई दिल्ली।** 25 साल पहले सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' टीवी पर टेलीकास्ट हुआ, लगभग 8 साल तक यह सीरियल टीवी पर दर्शकों का मनोरंजन करता रहा। इस सीरियल से एक्ट्रेस स्मृति ईरानी तुलसी के रूप में घर-घर मशहूर हुईं। कई और एक्टर्स भी इस सीरियल से स्टार बने। 29 जुलाई को यह सीरियल अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रहा है। इस बार भी स्मृति ईरानी तुलसी का आइकॉनिक रोल करेंगी मगर कुछ जाने-माने एक्टर्स इस सीरियल में नजर नहीं आएंगे। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी'के नए सीजन में सुधा शिवपुरी नजर नहीं आएंगी। पहले सीजन में उन्होंने बा का किरदार निभाया था। बा सीरियल में विरानी परिवार की सबसे बुजुर्ग महिला थीं, वह तुलसी के किरदार का हमेशा साथ देती थीं। पहले सीजन में ही उनकी मौत को दिखाया गया था। असल में भी सुधा शिवपुरी का निधन साल 2015 में हुआ। सीरियल में तुलसी विरानी की सास सविता का रोल अपरा मेहता ने निभाया था। वह भी नए सीजन का हिस्सा नहीं होंगी, क्योंकि पुराने वर्जन में उनकी भी मौत को दिखाया गया। तुलसी विरानी के बड़े बेटे गौतम का रोल सुमित सचदेव ने किया था। यह किरदार 25 साल पहले लड़कियों के बीच काफी पॉपुलर हो गया था। अचानक सीरियल में यह किरदार कम नजर आने लगा।

## बिग बॉस में इस बार घर वाले ही लेंगे फैसले

**नई दिल्ली।** फेमस रियलिटी शो 'बिग बॉस' का 19वां सीजन जल्द शुरू होगा। सलमान खान फिर से होस्टिंग करेंगे। उम्मीद है कि शो का प्रीमियर अगले महीने होगा। इस बार कंटेस्टेंट चुनने में दर्शकों की भूमिका होगी।



'बिग बॉस 19' का घर 20 अगस्त तक बनकर तैयार हो जाएगा। इस शो को एक बार फिर सलमान खान होस्ट करेंगे। अब तक सीजन 19 के कंटेस्टेंट बनने के लिए 45 हस्तियों से संपर्क किया गया है। जैसा कि पहले भी बताया था, 'बिग बॉस 19' का प्रीमियर 30 अगस्त को होगा और यह शो पांच महीने तक चलेगा। सलमान खान 27 और 28 अगस्त को शो के प्रीमियर के लिए शूटिंग करेंगे और 29 अगस्त को कंटेस्टेंट्स को रिकॉर्ड किया जाएगा, जिसके बाद वे घर में एंट्री करेंगे। बिग बॉस 19 की थीम रिवाइंड है, जहां घरवाले बेघर होने में अहम भूमिका निभाएंगे और दर्शक चुनेंगे कि किसे नॉमिनेट करना है। सूत्र के मुताबिक, घर के कामकाज में कंटेस्टेंट्स को पूरी आजादी होगी, राशन तय करने से लेकर कौन से काम करने हैं और कौन से नहीं, सभी फैसले घर वाले ही लेंगे और फिर बिग बॉस को बताया जाएगा।

# आमिर मेलबर्न फिल्म फेस्टिवल में फहराएंगे तिरंगा ...

**मुंबई।** अगस्त में इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) का आयोजन होने वाला है। सुपरस्टार आमिर खान इसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस फेस्टिवल में वह भारतीय तिरंगा फहराएंगे। इस फेस्टिवल में आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर' की स्पेशल स्क्रीनिंग निर्धारित है। महोत्सव में सिनेमा में आमिर खान के योगदान को एक स्पेशल सेक्शन के जरिए सम्मानित किया जाएगा। इस फेस्टिवल के डायरेक्टर मितु भौमिक लांगे ने बताया 'फिल्म फेस्टिवल में राष्ट्रीय ध्वज फहराना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक भावनात्मक और एकजुट करने वाला अनुभव है। विदेशी धरती पर तिरंगा लहराते देखना भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के बीच फख्र का लम्हा होगा। आमिर खान के सिनेमाई नजरिए ने विश्व स्तर पर दर्शकों को प्रभावित किया है। वह इस पल का नेतृत्व करेंगे, जो हमारे लिए सम्मान की बात है।'

***बदनाम बस्ती की स्क्रीनिंग होगी*** : आपको बता दें विक्टोरिया सरकार द्वारा समर्थित आइएफएफएम, भारत के बाहर आयोजित होने वाला सबसे बड़ा भारतीय फिल्म महोत्सव है। यह सशक्त और विविध भारतीय कहानियों को प्रदर्शित करता है। इस महोत्सव में फिल्म निर्माता प्रेम कपूर की 1971 की फिल्म 'बदनाम बस्ती' दिखाई जाएगी। इस फिल्म को भारत की पहली समलैंगिक फिल्म बताया गया है।



### पूरे महोत्सव में 75 फिल्में दिखाई जाएंगी

इस साल आइएफएफएम में लगभग 75 फिल्में प्रदर्शित होंगी। यह फिल्में लिंग, नस्ल, कामुकता, विकलांगता और महिला प्रतिनिधित्व जैसे विषयों पर होगी। फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 14 से 24 अगस्त तक चलेगा।

# सैयारा के क्लाईमैक्स को देख क्यों मर-मिट रहे दर्शक

**नई दिल्ली।** सैयारा का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। फिल्म को देख थिएटर में नौजवान आंसू बहा रहे हैं। कई तो बेहोश भी हो गए और कइयों ने मजनू वाली हरकते कीं। सैयारा के साथ-साथ नौजवान ऑडियंस भी प्यार में पागल होती दिख रही है। फिल्म के इमोशनल प्लॉट ने दर्शकों को अंदर से तोड़ दिया है, जिसका नजारा थिएटर में देखने को मिल रहा है। क्या सैयारा का क्लाईमैक्स बहुत ही ज्यादा इमोशनल करने वाला है? क्या फिल्म का अंत देख नौजवानों के दिलों को चोट पहुंच रही है? आखिर सैयारा के क्लाईमैक्स में ऐसा क्या है, जो दर्शकों को पागल कर रुला रहा है। यहां हम आपको यहां सैयारा के क्लाईमैक्स के उन 5 कारणों को बताने जा रहे हैं, जो दर्शकों को रुला रहे हैं।

**इमोशनल स्टोरी** : सैयारा रोमांटिक होने के साथ-साथ भावनात्मक कहानी भी है, जिसमें प्यार, दर्द और दिल टूटने की कहानी दिखाई जा रही है। फिल्म में नए चेहरे हैं, जिनके चेहरे पर प्यार को लेकर तड़प, बिछड़न और फिर दुख-दर्द नजर आता है और क्लाइमैक्स यही इमोशनल प्लॉट दर्शकों की मरने जैसी हालत कर रहा है।

**रिलेशनशिप** : क्लाईमैक्स उन लोगों को सबसे ज्यादा रुलाता है, जिनका प्यार मुकम्मल नहीं हो पाया या फिर कहें कि जिन्हें प्यार नहीं मिला है। रिलेशनशिप में होने के बाद भी जब प्यार कामयाब नहीं हो पाता है और बिछड़ने का डर मन में बैठ जाता है, तो वहां इंसान भावनात्मक रूप से टूट जाता है।

**अहान-अनीत की केमिस्ट्री** : प्यार में पड़े नौजवान कपल अहान और अनीत में खुद को इमेजिन कर रहे हैं और प्यार के बीच आने वाली हर उस मुश्किल और दर्द को अपना समझ रहे हैं, जिन्हें वो करीब से फेस कर चुके हैं। और तो और स्टार की लव केमिस्ट्री भी आंखें नम कर रही है।

**म्यूजिक** : क्लाइमैक्स में संगीत का ऐसा मिश्रण सुनने को मिला है, जो दिल टूटे आशिकों की आंखों में पानी ला देता है और गला रूंध जाता है।



**हैपिंग एंडिंग** : आशिकी 2 में मोहित सूरी ने एक्टर को मारकर बहुत बड़ी गलती की थी। आशिकी 2 का सबसे कमजोर पक्ष यही था, लेकिन उन्होंने यह गलती सैयारा में नहीं दोहराई। कृष और वाणी का मिलन और फिर उनकी शादी ने दर्शकों में पॉजिटिव मैसेज भेजा और फिल्म की हैप्पी एंडिंग ने भी उन्हें रोने पर मजबूर कर दिया।

## हिंदी सिनेमा में सर्वाधिक गीत लिखने का रिकॉर्ड दर्ज हैं समीर के नाम

# संगीत के लिए किसी के पास दिल नहीं, तो फिर वह पत्थर है

*नई दिल्ली। संगीतकार ऐसी चीज है जिससे हर कोई जुड़ना चाहता है। हर किसी के दिल मे संगीत होता है। अगर किसी के पास संगीत के लिए दिल नहीं है तो फिर वह दिल नहीं पत्थर है। यह कहना है भारत के दिग्गज गीतकार समीर अनजान का। फिल्मी दुनिया में समीर अनजान, एक ऐसा नाम है जो किसी के लिए अनजान नहीं है। हिंदुस्तान में रहने वाले लोग उनके गीतों को सुनकर और गुनगुनाकर मोहब्बत का इजहार करते हैं। एक ऐसा गीतकार, जिसे यह कला विरासत में मिली, लेकिन उन्होंने अपने पिता की खींची गई लकीर से भी लंबी लाइन खींच दी। उनके नाम हिंदी सिनेमा में सर्वाधिक गीत लिखने का रिकॉर्ड दर्ज हैं। समीर अनजान ने एक बातचीत में बॉलीवुड के नेपोटिज्म, राजनीति और म्यूजिक इंडस्ट्री में अपने सफर की अनसुनी कहानियां सुनाईं।*

### लोगों को मेरा असली नाम पसंद नहीं आया तो अनजान बन गया

उत्तर प्रदेश के बनारस के शीतला पांडेय कैसे समीर अनजान बने इस पर वह कहते हैं कि मेरी पहली कविता बनारस के एक प्रमुख अखबार जयदेश में प्रकाशित हुई। उस वक्त में इस अखबार को उसके ऑफिस की दीवार पर लगाया जाता था। पहली बार जब कविता लगी तो लोगों ने कहा कि शीतला पांडेय तो किसी क्लर्क या किसी शिक्षक का नाम लगता है। इसके बाद में दो-तीन कविता घर के नाम राजन से लिखीं, उस पर भी कोई रिएक्शन नहीं आया। उस वक्त मैं समीर का एक नॉवेल पढ़ रहा था। मैंने विचार किया और अगली कविता इसी नाम से लिखकर दे दी। इस पर लोगों का जबरदस्त रिएक्शन देखने को मिला। इसी से मुझे पहचान भी मिली।



### पिता नहीं चाहते थे मैं गीतकार बनूं

**आखिर पिता ने ही सिखाईं बारीकियां** : अनजान बताते हैं कि जब मैं मुंबई से अपने घर आया तो मां ने मेरी हालत देखकर पिताजी को मुंबई में खत लिखा कि बेटा मुंबई में बहुत संघर्ष कर रहा है। पिताजी को इसकी जानकारी नहीं थी। खोज खबर ली और कुछ रिश्तेदार मुझे उनके पास ले गए। उन्होंने मुझसे कई सवाल पूछे। वह समझ गए थे कि मैं मुंबई छोड़कर जाने वाला नही हूं। इसके बाद मुझे उन्होंने अपने पास रहने के लिए बुला लिया। उन्होंने संगीत लाइन की कई बारीकियों को सिखाया और समझाया। फिर कुछ दिन बाद एक ऐसा मोड़ आया कि पिताजी खुद बोले कि अब तुम तैयार हो जाओ, आकाश तुम्हारा है।

बनारस छोड़कर मुंबई पहुंचने के सवाल पर उन्होंने बताया कि पिताजी लाला जी पांडेय ने 17 साल के लंबे संघर्ष के बाद सफलता हासिल की थी। उन्होंने मुझे बोला था सबकुछ करना, लेकिन गीतकार बनने की कोशिश मत करना। पढ़ाई के बाद मेरी सरकारी बैंक में जॉब भी लग गई। इस बीच मेरा शौक परवान चढ़ रहा था। मैं सोचने पर मजबूर हो गया कि मैं बैंक में क्या कर रहा हूं? फिर मैंने जॉब छोड़ दी। इसके बाद सीधे मुंबई के लिए निकल गया।

### 5 हजार गीत लिख चुके

1983 से फिल्मों के गीत लिख रहे अनजान बताते हैं कि सबसे ज्यादा गीत लिखने का अवॉर्ड उनके नाम है। करीब 5 हजार गीत लिख चुका हूं। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज है। मोहम्मद रफी साहब को छोड़कर करीब-करीब सभी प्रमुख गायक-गायिकाएं मेरे लिखे गाने गा चुके हैं। मैं आज फिल्मी दुनिया की चौथी पीढ़ी के साथ काम कर रहा हूं। हर पीढ़ी के हिसाब से मैं खुद को बदलते आया हूं। मैंने खुद को हर समय अपडेट किया। साजन, राजा हिंदुस्तानी, कुछ कुछ होता है, जैसी कई अहम फिल्मों के गीत मेरे लिए खास हैं।

खबर संक्षेप

## अंचल में धूमधाम से मनाया गया हरेली



**देवरी- सारागांव।** हरेली पर्व सारागांव नगर व आसपास के ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। देवरी, सोनियापाठ, अमरुवा, कुम्हारीकला, कड़ारी, हनुमंता, लच्छनपुर, बघौदा, कुम्हारीखुर्द, चोरिया, पचोरी सहित अनेक गांवों में सुबह से ही पर्व की तैयारियों का माहौल देखने को मिला। गांवों में विशेषकर कृषक परिवारों ने अपने कृषि उपकरणों की सफाई कर पूजा स्थान में व्यवस्थित रख कर पूजा अर्चना की गई । हरेली पर्व के अवसर पर गांवों में बैगा द्वारा पारंपरिक विधि विधान से सभी देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की गई। बैगा ने गांव की सुख, समृद्धि, अच्छी फसल और रोग-व्याधि से मुक्ति की कामना की गई। ग्रामीणों ने हल, कुदाल, फावड़ा , कुल्हाड़ी , साबर, गैंती जैसे कृषि यंत्रों की पूजा अर्चना की गई और कई जगह ग्रामीणों द्वारा नारियल फोड़, गेड़ी चढ़ने की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग बड़े उत्साह से शामिल हुए। बच्चे गेड़ी चढ़कर गांव की गलियों में घूमते नजर आए। वहीं महिलाओं ने पारंपरिक व्यंजन बनाकर अपने परिवार के साथ भी आनंद लिया। ग्रामीणों ने बताया कि यह पर्व खेती-किसानी से जुड़ा प्रमुख त्यौहार है, जिससे प्रकृति, पशुधन और कृषि उपकरणों के प्रति सम्मान की भावना जागृत होती है। पर्व में श्रद्धा के साथ साथ ग्रामीण सांस्कृतिक एकता का भी भाव देखने को मिला।

## अंग्रेजी विषय में आकांक्षा ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट परीक्षा

**पामगढ़।** यूजीसी नेट परीक्षा अंग्रेजी विषय में आकांक्षा खरे ने उत्तीर्ण की है। उनकी इस



उपलब्धि पर लोगों में हर्ष व्याप्त है। पामगढ़ विकासखंड की बेटी आकांक्षा खरे पिता सी.एल. खरे यूजीसी नेट परीक्षा अंग्रेजी की परीक्षा में उत्तीर्ण हुई है। उन्होंने हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी की पढ़ाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ से की है। उसके पश्चात सिविल में इंजीनियरिंग की पढ़ाई रुंगटा कॉलेज भिलाई से की है। वर्तमान में कंपटीशन एग्जाम की तैयारी के लिए बिलासपुर में निवासरत है।

## सेवानिवृत्ति होने पर व्याख्याता को दी गई विदाई



**हसौद।** शासकीय हाई स्कूल देवरघटा विकासखंड जैजैपुर में सेवानिवृत व्याख्याता का संकुल स्तरीय विदाई एवं सम्मान का आयोजन हुआ। विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता बुधराम कश्यप के सेवानिवृत होने पर विदाई एवं समान समारोह का आयोजन शासकीय हाई स्कूल देवरघटा में किया गया। इसमें सेवानिवृत्ति व्याख्याता को मोमेंटो, शाल, प्रशस्तिपत्र एवं गिफ्ट देकर के सम्मानित किया गया। उनके जीवन परिचय को बात करके बच्चों को प्रोत्साहन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत देवरघटा के सरपंच कैलाश दिवाकर, पूर्व सरपंच प्रफुल्ल आजाद, शाला विकास समिति के अध्यक्ष संतोष दास महंत, प्राचार्य डिलेश्वर कुमार लहरे, शैक्षिक समन्वयक महेंद्र खूंटे, व्याख्याता भूषण महिलागें, श्रीमती हेमलता कश्यप ,मनीषा टंडन, अजय खुंटे ,कृष्ण कुमार दिवाकर प्रधान पाठक तुलसी प्रसाद कश्यप, के के खरे, दिलीप कश्यप ,राम प्यार आजाद, आंगन लहरे, खगेश्वरी जांगड़े, रामजी लाल लहरे एवं मंच का संचालन शिक्षक दुर्गा प्रसाद यादव ने किया।

## देव संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार में मिला कामना को प्रवेश

**सक्ती-टेमर।** उत्तराखंड में स्थापित देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार में समीपस्थ ग्राम टेमर के



कामना पटेल का स्नातकोत्तर स्तर पर जर्नलिज्म एवं मास मीडिया विषय में प्रवेश प्राप्त किया है। यहां प्रवेश पाने हेतु उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य के एकमात्र परीक्षा केंद्र राजनांदगांव में एंट्रेंस एग्जाम पास करना होता है। साथ ही हरिद्वार में दो चरण में साक्षात्कार को उत्तीर्ण करना पड़ता है। कामना स्नातक की पढ़ाई गुरु घसीदास विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में की है। वहीं स्नातकोत्तर की पढ़ाई देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार में करने का फैसला लिया। उनके चयन होने पर चैतन्य प्रसाद पटेल सेवानिवृत्त प्रधान पाठक, खगेश पटेल सेवानिवृत्त कृषि विकास अधिकारी एवं माता ईश्वरी पटेल सहित परिवार के लोगों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है । उनके पिता टंकेश्वर कुमार पटेल क्षेत्र क्रमांक 18 टेमर से जनपद सदस्य एवं कृषि स्थाई समिति के सभापति है।

### चार विकासखंडों में सामूहिक पौधरोपण महाअभियान का हुआ आयोजन

# पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाए गए फलदार एवं छायादार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले में शुक्रवार 25 जुलाई को सामूहिक पौधरोपण महाअभियान का आयोजन किया गया। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वाशु जैन, विभिन्न जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में जिलेवासियों ने सामूहिक पौधरोपण महाअभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लिया और विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए।

सामूहिक पौधरोपण महाअभियान के तहत कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ द्वारा विभिन्न जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में नवापाराकला में पहुंचकर पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही वन विभाग द्वारा विकासखंड सक्ती अंतर्गत आमनदुला के मंडी प्रांगण में वन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा पौधरोपण किया गया। सामूहिक पौधरोपण महाअभियान के तहत में सक्ती, डभरा, मालखरौदा, जैजैपुर सभी विकासखण्ड में वृहद स्तर पर पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। लोगों को विभिन्न प्रजातियों के पौधों का वितरण भी किया गया। इसके अलावा जिले के विभिन्न विद्यालयों में, सार्वजनिक स्थलों पर, सभी 23 आयुर्वेद डिस्पेंसरीज में विभिन्न प्रजातियों का पौधरोपण किया गया।



पौधे लगाने के बाद पानी देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

### छपोरा में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने लगाए पौधे



**मालखरौदा।** ग्राम पंचायत छपोरा के पंचायत भवन में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम में रूपेंद्र पटेल एसडीएम, जनपद सीईओ संदीप कश्यप , जनपद उपाध्यक्ष रितेश साहू, ग्राम पंचायत सरपंच राजू साहू, सचिव भागवत साहू, उपसरपंच नारायण राय एवं पंचगण तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सभी ग्राम पंचायतों में चलाया गया एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण महाभियान



**डभरा।** जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में 25 जुलाई को वृक्षारोपण महाअभियान कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में वर्ष 2016-17 से 2024-25 तक स्वीकृत समस्त आवास हितग्राहियों के पुर्ण आवासों एवं समस्त महिला समूह सदस्यों के आंगन में तथा ग्राम पंचायत भवन, स्कूल प्रांगण,सामुदायिक भवन एवं सार्वजनिक स्थानों पर किसानों के खेतों, खलियानों में, सड़क किनारे वयापक रूप से वृक्षारोपण किया गया जिसमें फलदार वृक्ष जैसे आम, जामुन, नींबू पपीता, आंवला, अमरूद आदी लगाया गया। मुख्य रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी सी के आदिले द्वारा स्वयं ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर निरीक्षण करते हुए आम नागरिकों एवं पंचायत पदाधिकारियों से आह्वान किया गया कि एक पेड़ मां का नाम का सार एक प्रतिकात्मक भाव है अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाना यह सरल कार्य दोहरा उद्देश्य पूरा करता है। जीवन के पोषण में माताओं की भूमिका का सम्मान और पृथ्वी के स्वास्थ्य में योगदान। इस पहल के माध्यम से प्रतिभागी न केवल अपनी पीढ़ी को पोषण, सुरक्षा और भविष्य प्रदान करती है पर्यावरण संरक्षण की महती आवश्यकता को भी संबोधित करता है। वृक्षारोपण महा अभियान कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम 2,.0 को सफल बनाने हेतु जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच, पंच को आमंत्रित किया गया था। साथ ही सभी ग्राम पंचायतों में नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाते हुए सभी ग्राम पंचायतों में लगभग 31758 वृक्षारोपण किये गए।



## नवाचार के काम को देखने किसान स्कूल पहुंचे एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

देश का पहला किसान स्कूल जहां किसानों को कृषि क्षेत्र में दी जाती है 18 प्रकार के निःशुल्क प्रशिक्षण और खेती किसानी के काम में हो रहे नवाचार को देखने एसपी विजय पाण्डेय पहुंचे वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह। यहां पर उन्होंने किसानों से मुलाक़ात की।

इस मौके पर एसपी विजय पांडेय के हाथों महिलाओं को भोजली के लिए गेहूं बीज का वितरण किया गया।यहां एसपी विजय पाण्डेय ने बताया कि उन्होंने पहली बार किसान स्कूल का नाम सुना, जहां पर छत्तीसगढ़ की 36 प्रमुख भाजियों के अलावा मधुमक्खी पालन, डेयरी, जैविक खाद तैयार करने की इकाई देखा। उन्होंने इस समय वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल में बन रही साग भाजी व फल-फूल के रेशे से रंग बिरंगी राखिया, कपड़ा, बैग तथा विलुप्त चीजों को बड़े पैमाने पर संरक्षण देख खूब प्रभावित हुए। वहीं करीब 6 फीट ऊचाई की धनिया पहली बार देखा। किसान स्कूल की छत पर विकसित बागवानी, 9 प्रकार की मिर्च की खेती देखकर किसान स्कूल टीम के नवाचार की सराहना करते हुए बहुत खुशी जताई। किसानों के आग्रह पर उन्होंने मिर्ची चटनी के साथ न सिर्फ

■ भोजली के लिये महिलाओं को किया गेहूं वितरित

अंगाकर रोटी का स्वाद लिया, बल्कि खुमरी पहनकर फोटो भी खिंचवाया। किसान स्कूल पहुंचते की महिलाओं ने उनका स्वागत तिलक लगाकर और गुलदस्ता भेंट कर किया गया। इस बीच उन्होंने वरिष्ठ पत्रकार स्व. कुंजबिहारी साहू के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किय। इस मौके पर समाजसेवी डॉ. सुरेश कुमार देवांगन, प्रगतिशील किसान चुड़ामणि राठौर, जिला उद्योग केंद्र के डीआरपी संतोष शुक्ला, सक्रिय महिला ललिता यादव, आरबीके साधना यादव, बैंक मित्र सुमित्रा यादव, बैंक सखी दीप्ती झरना कश्यप, पशु सखी पुष्पा यादव, किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव और उनकी टीम ने एसपी विजय पाण्डेय को अंज्वॉइन का पौधा भेंट किया।

## किकिरदा में ट्रांसफार्मर जलने से छाया अंधेरा

**किकिरदा-बिर्रा।** विद्युत मंडल हसौद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उदासीनता से किकिरदा गांव में जले ट्रांसफार्मर को 24 घंटा के बाद भी बदला नहीं जा सका है, जिसके कारण उपभोक्ताओं को अंधेरे में रात गुजारना पड़ रहा है।



इसके चलते विद्युत उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विकासखंड जैजैपुर के विद्युत मंडल हसौद के अंतर्गत ग्राम पंचायत किकिरदा के अटल चौक के आगे में स्थित 63 केवी का ट्रांसफार्मर बीते रात्रि में अचानक जलकर खाक हो जाने के कारण विद्युत उपभोक्ताओं को आम निस्तार के लिए पीने का पानी और नहाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। महानदी में भी उफान आ जाने के कारण विद्युत उपभोक्ताओं को महानदी में स्नान करना नहीं बना। विद्युत उपभोक्ता दिन में इधर-उधर किसी भी तरीका से समय व्यतीत कर लिया, लेकिन बिना बिजली के रात्रि में जहरीले जीव जंतुओं का डर लग रहा है। विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को शिकायत करने के बावजूद भी ट्रांसफार्मर नहीं बदलना विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की लापरवाही एवं उदासीनता को दर्शाता है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के पास शिकायत करने के बाद भी 63 केवी के ट्रांसफार्मर को नहीं बदला जा सका है।

## जन्म दिन पर सौरभ को सुबह से शाम तक बधाई देने वालों का लगा रहा तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम अध्यक्ष एवं दो बार के विधायक सौरभ सिंह के द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार 25 जुलाई को अपनी कुल देवी महामाया मंदिर

■ मंदिरों में मत्था टेक कर छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष ने प्राप्त किया आशीर्वाद

के प्रांगण में जाकर माथा टेका और मां का आशीर्वाद प्राप्त कर बरगवां के सिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में जाकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

प्रातः काल देव दर्शन के बाद वे दिन भर अपने निवास स्थान पर सुबह से शाम तक कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों, इष्ट मित्रो की शुभकामनाएं लेते रहे और उनके निवास में दिन भर लोग आते रहे और भोजन भी लोग करते रहे हैं। नगर में सौरभ सिंह के जन्मदिन का उत्सव रात 12 बजे से ही शुरू हो गया था। रात में ही उनके चाहने वाले पटाखे फोड़कर उन्हें मिठा खिला रहे थे। सुबह होते ही लोग



मंदिर में पूजा-अर्चना करते छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह।





सौरभ सिंह को जन्मदिन की बधाई देते भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

उन्हें व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया पर उन्हें शुभकामनाएं दे रहे थे और पूरे नगर में उनकी बड़ी-बड़ी फ्लेक्सी लगाईं गयी थी। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, इंजीनियर रवि पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्या लता आनंद प्रकाश मिरी, जनपद पंचायत अध्यक्ष अकलतरा शकुन देव अघरिया, देव सिंह अघरिया, जिला पंचायत सदस्य महादेव नेताम रवि, समीर शुक्ला, राकेश शुक्ला, सुमित सिंह चंदेल, कुमार सिंह, विपुल केडिया, शिवकुमार तिवारी, रवि सिंह चंदेल, रवि मित्तल, शेषनारायण सिंह, रमेश यादव, विजय केडिया, नरेश केडिया, नितिन केडिया ,अभिषेक केडिया,विशाल सिंह चौहान, युवराज सिंह चौहान, रोशन सिंह, मुरलीधर मिश्रा, रतन अग्रवाल, दीनदयाल अग्रवाल, जुगल किशोर लिखमानिया, नरेश अग्रवाल, अशोक राठी, कैलाश अग्रवाल, असीम पाल सिंह, सुदीप बगड़िया, चंद्रकांत कश्यप, एवं जिले के समस्त भाजपा कार्यकर्ता व्यापारी एवं क्षेत्र वासियों ने उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान कार्यकर्ताओं और सामाजिक और उनके चाहने वालों के मिलने का दिनभर तांता लगा रहा जो देर रात तक चलता रहा। इस दौरान छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह को सोशल मीडिया में प्रदेश के मुख्यमंत्री, गृह मंत्री, प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी, अनुज शर्मा, अरुण साव एवं समस्त संगठन के प्रमुख पदाधिकारी एवं मंत्रिमंडल के मंत्रीगण सभी ने अपने सोशल मीडिया एवं फोन करके उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही बधाई देने वालो में अकलतरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पवन यादव, महामंत्री सुबोध थवाईत उपस्थित रहे। इस बीच उनके कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा में मरीजों को फल वितरण किया। साथ भिक्षुक भोज भी कराया और उनके अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना ईश्वर से की ।

## प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला का जर्जर भवन ढहकर शौचालय पर गिरा

**अकलतरा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला अमोरा का जर्जर भवन भारी बारिश के वजह से बीती रात भरभराकर गिर गया। शुक्रवार की सुबह शाला पहुंचने पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक जयंत सिंह क्षत्रिय ने मोबाइल से वीडियो बनाकर डीईओ एवं बीईओ को शाला भवन गिरने की जानकारी प्रदान की गई।



ज्ञात हो कि शाला भवन अति प्राचीन होने के कारण अति जर्जर अवस्था में है। उक्त भवन को डिस्मेंटल करने का प्रस्ताव शाला प्रबंधन समिति की बैठक में प्रस्ताव बनाकर प्रधान पाठक का अभिमत कई बार उच्च कार्यालय में आवेदन प्रेषित किया जा चुकू है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तुरपाल सिंह और लवकुमार दुबे के द्वारा भी कलेक्टर को जनसमस्या निवारण शिविर मे जर्जर भवन की जानकारी दी गई है जिस पर उनके द्वारा त्वरित कार्यवाही करने का निर्देश दिया था। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रधान पाठक को पत्र व्यवहार भी किया है एवं विभिन्न अधिकारियों से मिलकर कार्यवाही करने हेतु उल्लेख किया गया है लेकिन जर्जर भवन को डिस्मेंटल करने की कार्रवाई अभी तक नहीं की गई है जिसके चलते यह जर्जर शाला भवन डह गया। चूंकि घटना रात को हुई इसलिए कोई विद्यार्थी हताहत नहीं हुआ। जानकारी मिलने पर ग्राम पंचायत अमोरा के सरपंच श्रीमती सुधा नवल सिंह ने तत्काल मौके पर आकर निरीक्षण कर छात्राओं को शौचालय जाने हेतु प्रधान पाठक कक्ष और शिक्षकों के बने हुए शौचालय का उपयोग करने हेतु निर्देशित किया है।

## 55 सदस्यों का जत्था बाबा धाम के लिए रवाना





**सक्ती।** बाबाधाम (देवघर) की यात्रा के लिए 24 जुलाई को सक्ती नगर से बाबा के चेले ग्रुप के 55 लोगों का दल विशेष उत्साह और जयकारों के साथ रवाना हुआ। यह जत्था स्थानीय दुम्मा ग्रुप के तत्वावधान में तैयार किया गया, जो हर वर्ष सावन मास में इस आध्यात्मिक यात्रा का आयोजन करता है। जत्थे में शामिल युवाओं ने पारंपरिक पीले वस्त्र धारण कर नारे लगाते हुए सक्ती रेलवे स्टेशन से यात्रा की शुरुआत की। सभी श्रद्धालुओं ने बाबा बैद्यनाथ से सुख-समृद्धि और लोक कल्याण की कामना करते हुए इस पावन यात्रा का संकल्प लिया। यात्रा के संयोजक राधे महराज, नागर चाचा, मनोज , नीटू, बाबा, राहुल, अमित, रितेश, दीपक राजपूत, मोंटी, पीयूष, शैलेन्द्र, शारदा बिलासपुर, मिश्रा भिलाई,जानू बिलासपुर, विकाश, दीपक कोरबा, रितेश रायपुर, गोलू घड़गोड़ा जत्था देवघर में जल अर्पण कर सकुशल सक्ती लौटेगा।

### कलेक्टर परिसर एवं तहसील कार्यालय में विशेष शिविर

# बच्चों को उनके अधिकारों व पहचान के बारे में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

साथी अभियान के अंतर्गत 25 जुलाई को कलेक्टर परिसर जांजगीर और तहसील कार्यालय चंद्रपुर में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अनेक अनाथ बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र,आधार पंजीकरण एवं बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी कराई गई। बच्चों को उनके अधिकारों एवं पहचान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं शक्ति सिंह राजपूत प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार एवं मनोज कुमार कुशवाहा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन पर





शिविर में जानकारी देते न्यायाधीश।

25 जुलाई को साथी अभियान के अंतर्गत कार्यालय कलेक्टर परिसर जांजगीर और तहसील कार्यालय चंद्रपुर में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य अनाथ एवं बेसहारा बच्चों के आधार कार्ड बनवाने में सहयोग प्रदान करना था। इस शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर के सहयोग से किया गया। शिविर में अनेक अनाथ बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र,आधार पंजीकरण एवं बायोमेट्रिक प्रक्रिया पूरी कराई गई, जिससे उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित लक्ष्मीकांत कोरी तहसीलदार, रितेश गुप्ता परियोजना अधिकारी, नागेन्द्र पटेल प्राचार्य सेजेश, मुकेश रमन पटवारी और पैरालीगल वॉलिंटियर लक्ष्मी जायसवाल, मंजू देवांगन, मनीष साहू और सुनीता मिरी उपस्थित रहे। बच्चों को उनके अधिकारों एवं पहचान के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हर बच्चे की पहचान उसका अधिकार है, और यह अभियान उन बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल से इन बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा।

